आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 28.09.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखते हुए आगामी त्योहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की।
- महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान को महिलाओं और बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में सरकार की ऐतिहासिक पहल बताया।
- राष्ट्र आज क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में, आज रात भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी त्योहारों को देखते हुए लोगों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर खरीदने का आग्रह किया। आज 'मन की बात' के 126वें संस्करण को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि स्थानीय उत्पाद खरीदना न केवल पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देता है, बल्कि इन उत्पादों को बनाने वाले परिवारों को भी सीधे लाभ पहुंचाता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था निचले स्तर से मजबूत होती है।

प्रधानंत्री ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें।

धान खरीद

सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2025–26 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद की समय सारिणी जारी कर दी है। पौड़ी के उप संभागीय विपणन अधिकारी वरुण कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत कोटद्वार क्रय केंद्रों पर एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र पर धान का समर्थन मूल्य 2 हजार 369 रुपये प्रति क्विंटल और धान (ग्रेड–ए) का समर्थन मूल्य 2 हजार 389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

स्वास्थ्य जांच शिविर

महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने महिलाओं और बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया है। अल्मोड़ा के ताकुला में आयोजित स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर में श्रीमती आर्या ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य तभी संभव है जब महिलाओं और बालिकाओं का स्वास्थ्य बेहतर हो।

उन्होंने बताया कि ताकुला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान

स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत पौड़ी जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। कोट ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर मौके पर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करायीं।

शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, किशोरियों व महिलाओं में एनीमिया की जांच, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, टीबी जांच व एक्सरे सहित अनेक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

भगत सिंह/स्वर कोकिला

आज क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती है। इस अवसर पर उन्हें पूरे देश में श्रद्धांजलि दी जा रही है। भगत सिंह का जन्म वर्ष 1907 में आज ही के दिन पंजाब के लायलपुर ज़िले के बंगा गाँव में हुआ था जो अब पाकिस्तान में है।

वहीं, स्वर कोकिला का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के एक मराठी परिवार में हुआ था। 70 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने अनेक भाषाओं में 25 हजार से अधिक गाने गाएं। लता मंगेशकर का आकाशवाणी के साथ रिश्ता भी अटूट रहा। आकाशवाणी आज भारत रत्न, महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर को याद कर रही है।

अवैध प्लॉटिंग

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने कई क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दर्जनों बीघा अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया और कई व्यवसायिक निर्माणों को सील कर दिया। एम.डी.डी.ए. उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि शहर को अव्यवस्थित और अवैध तरीके से फैलने नहीं दिया जाएगा। नियम विरुद्ध निर्माण और प्लॉटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी या निर्माण में निवेश न करें और हमेशा अनुमोदित प्लान व मानचित्र की जानकारी लेकर ही संपत्ति क्रय करें।

बहुउद्देशीय शिविर

जन समस्याओं के निस्तारण और सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध कराने के लिए 29 सितम्बर को देहरादून के कालसी ब्लॉक के उटैल–बैसोगिलानी गांव में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित होगा।

शिविर में अटल आयुष्मान कार्ड, यूडीआईडी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार और श्रमिक कार्ड बनाए जाएंगे। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, औषधि वितरण, नेत्र परीक्षण और चश्मों का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही आय, जाति, चरित्र, स्थायी निवास और निर्विवाद उत्तराधिकार मामलों का निस्तारण तथा सामाजिक पेंशन प्रकरणों का समाधान किया जाएगा।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने क्षेत्रीय जनता से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की है।

स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रशिक्षण

हरिद्वार जिले के भगवानपुर विकासखंड के सरठेढ़ी शाहजहांपुर स्थित मंगलमय सी०एल०एफ में दो दिवसीय क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति की ग्रामोत्थान योजना के तहत मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशन में किया गया।

इस प्रशिक्षण में 26 महिला किसानों ने भाग लिया। ब्लॉक भगवानपुर के मास्टर ट्रेनर सौरभ गिरी ने महिला किसानों को जलवायु अनुकूल और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीज चयन, कीट–रोग प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, शून्य जुताई, सिंचाई प्रबंधन और समेकित कृषि प्रणाली जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अलावा पशुपालन, कुक्कुट पालन और बकरी पालन जैसी आय के वैकल्पिक साधनों की तकनीकें भी सिखाई गईं।

भारतीय मानक ब्यूरो

हरिद्वार जिले के सीतारपुर स्थित धूम सिंह मेमोरियल स्कूल ने विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। बीआईएस की देहरादून शाखा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को मानकों के महत्व के बारे में शिक्षित करना, सतत विकास लक्ष्यों व साझेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानकों तथा गुणवत्ता में उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

एशिया कप

एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में पहली बार यह दोनों टीमें फाइनल में आमने–सामने होंगी। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका है।